आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.11.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

बगवानी

प्रदेश में फलों का उत्पादन 6 लाख मीट्रिक टन के पार हो गया है। प्रदेश के राजस्व में बागवानी क्षेत्र करीब 4 हज़ार 4 सौ 76 करोड़ रूपए का वार्षिक योगदान दे रहा है और इससे लगभग 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार के अवसर उपलब्ध होते हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार बीते दो वर्षों में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के चलते फल उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य में 25 हज़ार 8 सौ 29 मीट्रिक टन मशरूम और 4 हज़ार 81 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन भी दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि बीते दो वर्षों में एक लाख 20 हज़ार से अधिक बागवानों को नवीनतम बागवानी तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया है।

कांग्रेस सरकार

प्रदेश कांग्रेस सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने का समारोह 11 दिसम्बर को बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखाविन्दर सिंह सुक्खू ने इस समारोह को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर और कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने आज शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और विश्वास दिलाया कि 2 वर्ष के कार्यकाल का समारोह ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री से ज़िले में चल रही विकास परियोजनाओं को लेकर भी विचार–विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि बिलासपुर ज़िले के विकास कार्यों

में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से झंडूता और स्वारघाट को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग भी उठाई।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रभावी बनाने में सहयोगी सभी लोगों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने और धरती को टिकाऊ बनाने में योगदान देने का आग्रह किया।

आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के शुरू होने के तीन सप्ताह के भीतर 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इसके लिए नामांकन कराया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि इनमें से लगभग 4 लाख नामांकन महिलाओं द्वारा किए गए हैं। इस कार्ड के जारी होने के बाद से 9 करोड़ रुपये से अधिक के उपचारों को अधिकृत किया गया है। इससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के चार हजार आठ सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ हुआ है, जिनमें एक हजार चार सौ से अधिक महिलाएँ शामिल हैं। यह कार्ड प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत मिशन के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्रदान करता है।

अभियान

प्रदेश पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर कल 18 नवम्बर से एक विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने बताया कि 2 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य ओवरलोडिंग व खतरनाक तरीके से माल की ढुलाई को रोकना और माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से यात्रियों के परिवहन पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करने और इस अभियान का समर्थन करने की अपील की है।

पुण्यतिथि

महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की आज पुण्य तिथि है। इस अवसर पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजधानी शिमला में एक कार्यक्रम में नगर निगम महापौर सुरेन्द्र चौहान ने पुण्यतिथि पर लाला लाजपत राय को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में लाला लाजपत राय के साहस की गाथा देशवासियों के लिए हमेशा स्मरणीय रहेगी। इस दौरान सूचना व जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने देशभक्ति के गीत व भजन गायन की प्रस्तुति भी दी।

मौसम

प्रदेश में सुबह–शाम ठण्ड का दौर बढ़ गया है। खासतौर पर ऊपरी इलाकों व जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के

मैदानी ज़िलों में भी कोहरे के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने 22 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग ने कल से 20 नवंबर तक बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और ऊना के कई क्षेत्रों में घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

..............................................................